Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Pal Shri Raja Ram

>

Title : Incidents of alleged excesses on Dalits particularly Dalit women by not permitting them to cast their vote in Panchayat elections in Muzaffarnagar, Uttar Pradesh.

श्री राजाराम पाल (बिल्हौर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गम्भीर विाय पर बोलने की अनुमति दी है। 58 र्वा की आजादी के बाद संविधान के तहत रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा, शिक्षा और सुरक्षा जो भारत के नागरिक के मौलिक अधिकार हैं। जिस संविधान से यह सदन चल रहा है, जिस संविधान के तहत उन गरीब मजलूमों की बेहतरी की बातें की जाती हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह स्टेट का मैटर है और आप इसे यहां उठाते हैं।

श्री राजाराम पाल : देश के संविधान में नागरिकों को मत देने का अधिकार भी दिया गया है। लेकिन आज बड़े पैमाने पर पूरे देश में उन्हें मत देने के अधिकार से वंचित करने का काम किया जाता है। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव हो रहे हैं। वहां ये चुनाव चार चरणों में हो रहे हैं। दो चरण का चुनाव पूरा हो चुका है। 17 तारीख को...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह स्टेट का मामला है।

श्री राजाराम पाल : 17 तारीख को मुजफ्फरनगर में दलित समाज के लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लाइनों में खड़े थे। ...*

MR. SPEAKER: That expression will be omitted. This is not the way. You are misusing the opportunity. Please do not do it. यह स्टेट का मैटर है। आप यह बोलिये कि दलितों के साथ सब जगह ठीक बर्ताव किया जाए।

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please bring it to me. I will see that[k24].

श्री राजाराम पाल : मान्यवर, जिस तरह से ...* उनको तितर-बितर करने का काम किया, वह हमारे लोकतंत्र के इतिहास में सबसे बड़ा कलंक है।

मान्यवर, यह केवल मुजफ़्फ़रनगर की बात नहीं है बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की बात है।

अध्यक्ष महोदय : आप स्टेट के बारे में मत बोलिये। आप बोलिये कि दलितों को वोट देने से रोकना नहीं चाहिए।

---

*Not Recorded

श्री राजाराम पाल : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के तमाम दलित मज़दूरों को जिनको लोकतंत्र में प्रधान बनने का मौका मिलता है, उनको वोट देने से वंचित किया गया। चुनाव आयोग के बारे में इस सदन में भी कई बार चिन्ता व्यक्त की जा चुकी है कि ...* मैं

आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह मामला किसी एक जिले का नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का मामला है। नामांकन के समय ही लोगों को कोई न कोई कमी निकालकर किसी का निर्विरोध चयन कराने का काम …* किया है।

MR. SPEAKER: Please cooperate with the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री राजाराम पाल : महोदय, कई ऐसी जगहें हैं जहां प्रशासन के लोग उसी गांव के कर्मचारी हैं और उनको उसी गांव में लगाकर एकतरफा …* काम किया गया। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Sorry, it will no more be recorded. Nothing more to be recorded.

*(Interruptions) …**

MR. SPEAKER: You are defying the Chair.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Sorry, हमने आपको बोलने का मौका दिया। आपने जो बोला है, वह रिकार्ड में आ गया है। इसके बाद आप थोड़ा हमारे साथ सहयोग कीजिए।

श्री राजाराम पाल : महोदय, उत्तर प्रदेश में अभी दो चरणों का चुनाव बाकी है। सरकार को आश्वासन देना चाहिए कि दलित, गरीब, मजलूम लोगों को इन दो चरणों में अपने मत का सही प्रयोग करने का मौका मिल पाएगा और उनको सुरक्षा मिलेगी।

अध्यक्ष महोदय : यह अभी सही हुआ है।